दिनांक 30 नवंबर 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 9 हॉस्पिटल सेक्टर के खेल मैदान का होगा उन्नयन, महापौर परिषद से मिली मंजूरी, महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक संपन्न

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी तथा एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी , लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, रीता गेरा, लालचंद वर्मा, मीरा बंजारे व चंद्रशेखर गवई की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सेक्टर 9 हॉस्पिटल सेक्टर सी 3 खेल मैदान के उन्नयन को लेकर परिषद ने चर्चा की और राशि की मांग के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने पर अपनी सहमति दी। शासन से राशि की स्वीकृति मिलते ही विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर सेक्टर 9 हॉस्पिटल सेक्टर में वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। खेल विकास की दिशा में महापौर की परिषद ने आज अहम निर्णय लिया है। अन्य प्रस्ताव के तहत् वार्ड क्रमांक 64 सेक्टर 10 सड़क 3-4, सड़क 20 एवं एवीएन के समीप मैदानों में उद्यान विकास कार्य करने, वार्ड 60 सेक्टर 5 पश्चिम स्थित उद्यान को मिनीमाता उद्यान का नाम देने के साथ ही डोम शेड निर्माण व प्रसाधन बनाने , रेलवे बस्ती की विभिन्न गलियों में फुटपाथ निर्माण को लेकर महापौर परिषद ने प्रस्ताव पर चर्चा की। महापौर परिषद की बैठक के दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक , येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, खिरोद्र भोई, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, महापौर के निज सचिव वसीम खान, खेल विभाग के प्रभारी अधिकारी शरद चावड़ा आदि मौजूद रहे।